Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 20-03-2006

Participants : Virendra Kumar Shri

an>

Title : Need to release funds allocated for development of Sagar lake as a Tourist Centre in Sagar, Madhya Pradesh under National Lake Development Scheme.

श्री वीरेन्द्र कुमार (सागर) : महोदया, झील सम्वर्द्धन योजना के अन्तर्गत सागर झील को शामिल किया गया है और इसके पुनरूद्धार के लिए राज्य सरकार द्वारा लगभग 45 करोड़ रूपए की कार्ययोजना का प्रस्ताव केन्द्र सरकार के पर्यावरण विभाग को भेजा गया है। सागर झील एक ऐतिहासिक झील है जिसका स्वरूप पूर्व में काफी दूर तक फैला हुआ था। सावन के महीने में जब यह झील अपने पूरे भराव पर होती है, उस समय ताजा हवाओं के कारण जो लहरें उठती हैं, वे इसके सागर नाम को सार्थक करती हैं। समुद्र के समान ऊंची उठने वाली लहरें इसके किनारे पर चलने वाले राहगीरों के तन-मन को भिगो देती हैं। दूर-दूर से लोग इस झील को देखने के लिए आते हैं। लाखा बंजारा के द्वारा इस झील का निर्माण करवाया गया था जो मध्य प्रदेश में काफी प्रसिद्ध हैं। इस झील की सफाई, गहरीकरण और इसके चारों ओर सौन्दर्य की दृटि से झील सम्वर्द्धन योजना के अन्तर्गत कार्य होने से इसका स्वरूप दर्शनीय हो जाएगा। इसमें प्राकृतिक सौंदर्य देखने लायक है, अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि वह सागर झील को एक पर्यटक स्थल के रूप में वकसित करने की दृटि से आवश्यक राशि उपलब्ध कराने की व्यवस्था करे।

श्री मित्रसेन यादव (फैजाबाद) : सभापति महोदया, मेरा भी नाम सूची में है।

सभापति महोदया : अभी मैं सूची के अनुसार चल रही हूं। आपको बाद में चांस मिलेगा।

---

* Not Recorded